आकाशवाणी गोरखपुर

प्रादेशिक समाचार

दिनांक–26 अगस्त 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी पर की मन की बात। देशवासियों से किया अनुरोध–पैरालिम्पिक्स में भारतीय खिलाड़ियों का करें उत्साहवर्धन।
- मथुरा सहित पूरे देश में छाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उल्लास। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की बधाई।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा में एक हजार सैंतीस करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास।
- प्रदेश में एक हजार छः सौ चौरासी आंगनबाड़ी केन्द्रों में होगी एजुकेटर की भर्ती। सभी पचहत्तर जिलों के लिये अधिसूचना जारी।
- यूपी बोर्ड ने इकतीस अगस्त तक बढ़ाई दसवीं और बारहवीं की परीक्षा के लिये बोर्ड फॉर्म भरने की तिथि।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश के युवाओं को अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों से काफी फायदा हुआ है। कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस महीने 23 तारीख को देशवासियों ने पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस और चंद्रयान–3 की सफलता का जश्न मनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि हासिल करने वाला भारत विश्व का पहला देश बना है। प्रधानमंत्री ने लोगों से कैच द रेन मूवमेंट और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने देशवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने का अनुरोध भी किया।

***मैं आप सभी से बारिश के इस मौसम में सावधानी बरतने के साथ ही कैच द रैन मूवमेंट का हिस्सा बनने का भी आग्रह दोहराऊँगा। मैं आप सभी को 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की याद दिलाना चाहूँगा। ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं और दूसरों से भी इसका आग्रह करें।***

कुछ दिन पहले आयोजित विश्व संस्कृत दिवस के बारे में श्री मोदी ने कहा कि लिथुएनिया के एक प्रोफेसर वायतिस विदुनास ने एक अनूठा प्रयास किया है और इसे उन्होंने संस्कृत ऑन द रिवर्स नाम दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले कुछ दिनों में पेरिस में पैरालिम्पिक्स शुरू हो रहे हैं। उन्होंने लोगों से हैश टैग चीयर फॉर भारत के साथ खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कहा।

***हमारे दिव्यांग भाई–बहन वहां पहुचे हैं। 140 करोड़ भारतीय अपने एथलीट और खिलाड़ियों को चीयर कर रहे हैं। आप भी हैशटेग चीयर फोर भारत के साथ अपने खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दीजिए।***

प्रधानमंत्री ने देशवासियों को जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, ओणम, मिलाद–उन–नवी और तेलुगु भाषा दिवस के लिए बधाई भी दी है।

**********

आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी है। योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य के इस महा पर्व को लेकर उनकी जन्मभूमि मथुरा से लेकर पूरे देश में उल्लास छाया हुआ है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर मथुरा और वृन्दावन में देश और दुनिया से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन–पूजन करने पहुंचे हैं। समूचा ब्रज क्षेत्र जन्माष्टमी के उमंग से सराबोर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आज सुबह श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर में दर्शन–पूजन करेंगे। मथुरा की जन्माष्टमी को लेकर पेश है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

***मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी बड़े धूमधाम से मनाई जा रही है। यहाँ जन्मभूमि को रंग–बिरंगी रौशनी से जगमग नजर आ रही है। आज प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन करेंगे। श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर दुल्हन की तरह सजी कान्हा की नगरी में श्रद्धालु लाखो लाख श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के दर्शनों कर अभिभूत है,यहाँ हर चौराहा और जिलेभर को सजाया गया है। यहां जगह जगह भंडारे पानी प्याऊ लगी है यहां हर चौराहे और प्रमुख मार्गो पर सांस्कृतिक कार्यक्रम चल रहे है। कान्हा की जन्मभूमि को दुल्हन की तरह सजाया गया है। मथुरा एवं वृंदावन के प्रमुख मंदिर और घाटों को सजे है।मुहम्मद उमर कुरैशी आकाशवाणी समाचार मथुरा।***

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई और शुभकामनायें दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का धरा पर अवतरण धर्म, सत्य और न्याय की स्थापना तथा अधर्म, अन्याय और अत्याचार के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा देता है।

**********

भगवान श्रीकृष्ण के पांच हजार दो सौ इक्यावनवें जन्मोत्सव पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल शाम मथुरा में तीन दिवसीय महोत्सव का गुब्बारा उड़ाकर शुभारम्भ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने एक हजार सैंतीस करोड़ रुपये की एक सौ अठहत्तर विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसमें बरसाना रोप–वे, यमुना में क्रूज, लक्ष्मण शहीद स्मारक प्रेक्षागृह, मल्टीलेवल पार्किंग, बरसाना कोसी गोवर्धन मार्ग का चौड़ीकरण सहित अन्य प्रमुख परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने पांचजन्य प्रेक्षगृह का भी शुभारम्भ किया। इस

अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सात वर्ष पहले उत्तर प्रदेश की चर्चा गुण्डागर्दी, अराजकता और जवाहरबाग के कारण होगी थी जबकि आज इसकी चर्चा रंगोत्सव, जन्मोत्सव और जनमाष्टमी से होती है। यह प्रदेश विकास और विरासत के बेहतरीन समन्वय से भारत के विकास में ग्रोथ इंजन बन रहा है। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने फिल्म अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरी के भजन एलबम का विमोचन भी किया। समारोह में सांसद हेमामालिनी और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कल देर रात मुख्यमंत्री ने वृन्दावन स्थित बांके बिहारी मंदिर में दर्शन–पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख–समृद्धि की कामना की।

**********

बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन परिषदीय स्कूलों में संचालित किये जा रहे दस हजार छः सौ चौरासी को–लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्रों में एजुकेटर रखे जायेंगे। प्रदेश के सभी पचहत्तर जिलों में संविदा के आधार पर होने वाली इस भर्ती के सम्बन्ध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। एजुकेटर के लिये वहीं पात्र होंगे, जिन्होंने यूजीसी से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा गृह विज्ञान मुख्य विषय के साथ न्यूनतम पचास प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो। आरक्षित वर्ग को न्यूनतम अंकों में पांच प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

**********

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश में अट्ठाइस लाख बयालीस हजार दो सौ सैंतालीस लोगों ने आवेदन किये हैं। इनमें सर्वाधिक तेइस लाख तिरपन हजार सात सौ बानबे आवेदन दर्जी की श्रेणी में किये गये हैं। स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाली इस योजना में तीन स्तरों पर सत्यापन करने के बाद चयनित लोगों को प्रशिक्षण और ऋण की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

**********

भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिये आयोजित इंस्पायर अवार्ड के लिये अब तक सर्वाधिक आवेदन उत्तर प्रदेश से किये गये हैं। प्रदेश की तरफ से तेइस अगस्त तक चालीस हजार से अधिक नामांकन किये गये हैं। पहली जुलाई से प्रारम्भ हुयी नामांकन प्रक्रिया पन्द्रह सितम्बर तक चलेगी। बच्चों को रचनात्मक बनाने के लिये इंस्पायर अवार्ड दिये जायेंगे। इस अवार्ड का उद्देश्य छात्रों को विज्ञान के प्रति जागरूक करना है।

**********

चिकित्सा, शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग ने नीट यूजी दो हजार चौबीस काउंसिलिंग के तहत राज्य के मेडिकल कॉलेजों में स्टेट कोटे की पचासी प्रतिशत एमबीबीएस सीटों पर प्रवेश के लिये आवेदक अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट जारी कर दी है। प्रदेश में एमबीबीएस और बीडीएस की कुल बारह हजार एक सौ सीटों पर प्रवेश होने हैं। सीट आवंटन का परिणाम तीस अगस्त को जारी होगा।

**********

भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान द्वारा कम्पनी सेक्रेटरी के लिये जून दो हजार चौबीस में आयोजित परीक्षा का परिणाम कल जारी कर दिया गया। इसमें प्रोफेशनल लेवल न्यू सिलेबस की परीक्षा में मेरठ की भूमिका सिंह ने पहले प्रयास में ही देश भर में पहला स्थान प्राप्त किया है। भूमिका ने पिछले वर्ष एग्जिक्यूटिव लेवल की परीक्षा में भी देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने बोर्ड परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। जिन छात्रों ने दसवीं और बारहवीं परीक्षा दो हजार पच्चीस के लिये फार्म नहीं भरा था, वे नयी समय–सारिणी के अनुसार इकतीस अगस्त तक सौ रूपये विलम्ब शुल्क के साथ जमा कर सकते हैं। इसके पहले यह तिथि सोलह अगस्त निर्धारित थी।

**********

यूपी टी–20 क्रिकेट लीग के दूसरे संस्करण का कल लखनऊ के अटल बिहारी बाजपेयी इकाना स्टेडियम में रंगारंग कार्यक्रम के साथ आगाज हो गया है। कल खेले गये पहले मुकाबले में मेरठ मेवरिक्स ने काशी रूद्रास को पराजित कर पिछले साल फाइनल मुकाबले में मिली हार का हिसाब चुकता कर लिया।

**********

अयोध्या जिले के मिल्कीपुर विधानसभा सीट के उप चुनाव के लिये समाजवादी पार्टी ने अजीत प्रसाद को प्रत्याशी बनाया है। अजीत प्रसाद फैजाबाद के सपा सांसद अवधेश प्रसाद के पुत्र है। कल समाजवादी पार्टीके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में हुयी बैठक में उप चुनाव के लिये मिल्कीपुर सीट से अजीत प्रसाद का नाम सामने रखा।

**********